आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज देश को सम्बोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, शाम सात बजे से आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों पर होगा सीधा प्रसारण।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने **उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस** के तीन दिवसीय कार्यक्रम का किया उद्घाटन, कहा–महाकुंभ के व्यवस्थित आयोजन से है पूरी दुनिया हैरान।
- महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भीड़ प्रबंधन के लिए प्रदेश सरकार ने उठाए विशेष कदम, मेला क्षेत्र में प्रदेश का सबसे बड़ा ड्रोन शो भी हुआ शुरू।
- मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज, भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चौनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चौनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

इस बीच कल छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड का सीधा प्रसारण करने के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कर्तव्य पथ से परेड का सीधा प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर भी होगा।

**********

राष्ट्र और समाज के लिए विशेष योगदान देने वाले देश भर के करीब दस हजार लोगों को इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए नई दिल्ली बुलाया गया है। इनमें खेल पुरस्कारों के विजेता भी शामिल हैं। लखनऊ के रहने वाले इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चीफ कोच मुनव्वर अंजार और सहायक कोच आयशा मुनव्वर को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में चीफ कोच मुनव्वर अंजार ने कहा कि–

***ये मेरे लिये बड़ा फर्क का मोका है कि आप जिस देश में रहते है वहां के देश के गणतंत्र दिवस पे और देश की राजधानी में आपको प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ आपको सम्मान दिया जा रहा है, बुलाया जा रहा है मैं बहुत ही आभारी हू अपनी भारतीय गर्वमेंट का खासतोर पर मोदी जी का जिनकी सोच युवाओं को खेलों और किसी भी फील्ड में जो लोग कार्य कर रहे है उनको बढ़ावा देने का उनको बुलाने का।***

प्रदेश के अन्य जिलों से भी प्रगतिशील किसान, ग्राम प्रधान और समाजसेवी इस बार गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए नई दिल्ली बुलाए गए हैं।

**********

कल से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हो गयी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ में आयोजित एक समारोह के दौरान इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति बेमिसाल है और इसमें उत्तर प्रदेश की विशेष भूमिका रही है। महाकुंभ की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया हैरान है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन इतने व्यवस्थित तरीके से कैसे हो रहा है।

***एक सौ चालीस वर्ष से ज्यादा के बाद प्रयागराज में आज जो रहा है। पूरा विश्व आश्चर्यचकित है पूरी दुनिया का ध्यान है आंकलन के हिसाब से चालीस करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की सहभागिता ने विश्व को भारतीय प्रबुंध कोषण का परिचय दिया है मुझे व्यक्तिगत ज्ञान है कि विश्व की कई संस्थाए इसका अध्ययन कर रही है। कि इतना बड़ा आयोजन हो कैसे रहा है***

समारोह के दौरान, राज्य के विकास और गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले छह लोगों को **उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान** से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ग्यारह लाख रुपये, प्रशंसा पत्र और एक औपचारिक स्टोल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान, उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए ई–पोर्टल भी लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करके युवाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाना है।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कल तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में राज्य की समृद्ध

सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और आर्थिक सशक्तीकरण की प्रगति को दर्शाया गया है। प्रदेश भर में कल उत्तर प्रदेश दिवस पर विविध आयोजन किये गये।

**********

प्रयागराज महाकुंभ नगर में श्रद्धालुओं के आने और पवित्र संगम में डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। कल शाम छह बजे तक छप्पन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी कल पवित्र संगम में महाकुंभ स्नान किया । कल शाम तक करीब दस करोड़ अस्सी लाख श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके थे। मौनी अमावस्या पर उन्तीस जनवरी को करीब दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज महाकुंभनगर आने की संभावना है। भारी भीड़ की संभावना के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। एक रिपोर्ट–

***मेला प्रशासन ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि श्रद्धालु स्नान के बाद उसी सेक्टर या जोन से वापस लौटें। जिस सेक्टर से वे पहुंचे हैं। किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को संगम नोज या अन्य जोन में जाने की इजाजत नहीं होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस महीने की 27 से 29 तारीख तक जोन के बीच खासकर संगम नोज पर आवाजाही बहुत ही कम रखने का निर्देश दिया गया है। इस बार आसान पहुंच और पवित्र स्नान के लिए बारह किलोमीटर लंबा घाट बनाया गया है। श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे अपने प्रवेश के दौरान निकटतम घाट पर स्नान करें। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या को नियंत्रित करने के लिये निकासी दल भी तैनात किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को समायोजित करने के लिए घाटों पर बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

इस बीच, कल महाकुंभ मेला क्षेत्र में प्रदेश के सबसे बड़े ड्रोन शो का भी शुभारंभ हो गया। बड़ी संख्या श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने इस भव्य शो का आनंद लिया ।

**********

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा आज साढ़े तीन दर्जन से अधिक महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनका विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उपलब्ध है। साथ ही मौनी अमावस्या पर देश के कोने कोने से आने वालें श्रद्धालुओं के लिए रेलवे दो सौ अतिरिक्त रैक की भी व्यवस्था कर रहा है। आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया जा सकता है।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वहां भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव के संदेश को अयोध्या धाम के संदेशों में बदलना है। मिल्कीपुर को अयोध्या की तरह विकास की बुलंदियों पर पहुंचाना है।

***हम अयोध्या को मिल्कीपुर को हम मिल्कीपुर के ही किसी सबूत को उनके बीज देकर के वहां के विधायक बनकर के वहां के विकास को ऐसे ही आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मिल्कीपुर को भी अयोध्या की तर्ज पर विकास की उपलब्धियों को आगे पहुंचाना है।***

मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। सपा सांसद समेत पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी अपने प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

**********

आज पंद्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल शाम एक वीडियो संदेश के जरिये देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी। प्रदेश भर में इस मौके पर आज जनजागरूकता संबंधी विविध आयोजन किये जा रहे हैं।

**********